# BHADOHI POLICE

## सराहनीय कार्य

**जनपद भदोही** **दिनांक-08.03.2025**

**◆थाना कोईरौना पुलिस टीम को मिली महत्वपूर्ण सफलता**

**◆DCM ट्रक वाहन सहित भारी मात्रा में जर्दा व पान मसाला चोरी/गायब करने की घटना का सफल अनावरण**

**◆ट्रक वाहन व माल चोरी/बिक्री करने के गिरोह में शामिल दो अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे**

**◆अभियुक्तों के निशानदेही पर उनके पम्पिंग सेट पर बने कमरे से डीसीएम ट्रक व सफेद बोरियों में 27 बॉक्स जर्दा व 101 बॉक्स पान मसाला तथा पान मसाला व जर्दा बिक्री का ₹48,500/- नगद बरामद**

**◆बरामदशुदा वाहन व माल की कुल अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपए**

**◆कानपुर से माल लोड कर पहुंचना था कोलकाता**

**◆गिरोह में शामिल चालक सहित शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व शेष माल की बरामदगी हेतु पुलिस टीमों द्वारा किया जा रहा प्रयास**

घटनाक्रम-:

दिनांक 7/8.03.2025 की रात्रि में श्री सुजीत कुमार सिंह निवासी नोएडा ट्रांसपोर्टर एटीएस लॉजिस्टिक प्रोपराइटर द्वारा थाना कोइरौना पर सूचना दिया गया कि उनकी ट्रांसपोर्ट कंपनी का चालक दिनांक-27.02.2025 को कानपुर से पान मसाला व जर्दा लोड कर कोलकाता के लिए निकाला था, दिनांक-03.03.2025 को कोलकाता पहुंचना था लेकिन वहां नहीं पहुंचा है। चालक का मोबाइल नंबर स्विच ऑफ बता रहा है। ट्रक वाहन में लगे जीपीएस से वाहन का लोकेशन थाना कोईरौना, जनपद भदोही होने की जानकारी हो रही है। उक्त सूचना पर तत्समय ही थाना कोईरौना पर मु0अ0सं0-42/2025 धारा-316(5) भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत करते हुए वाहन सहित माल बरामदगी के प्रयास सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

**श्री अभिमन्यु मांगलिक,** पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा माल सहित वाहन चोरी की घटना के शीघ्र अनावरण, चोरी गए वाहन व माल की बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए। उक्त निर्देशों के क्रम में डॉ0 तेजवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कोईरौना मय हमराह पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ट्रक में लगे जीपीएस की लोकेशन व वादी मुकदमा की निशानदेही पर आज दिनांक-08.03.2025 को प्रातः घटना का शीघ्र अनावरण करते हुए डीसीएम ट्रक वाहन सहित पान मसाला व जर्दा चोरी/बिक्री करने वाले गिरोह में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के निशानदेही पर ग्राम गोपालापुर स्थित आरोपी के पम्पिंग सेट के अहाते में बने कमरे से डीसीएम ट्रक व अलग-अलग सफेद बोरियों में 27 बॉक्स जर्दा व 101 बॉक्स पान मसाला तथा पान मसाला व जर्दा बिक्री का ₹48,500/- नगद बरामद किया गया है। बरामदशुदा वाहन व माल की कुल अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपए है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा-316(3), 318(4), 317(2) व 61(2) बी.एन.एस. की बढ़ोत्तरी करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पान मसाला व जर्दा चोरी करने के गिरोह में चालक सहित अन्य अभियुक्तों की भी संलिप्तता प्रकाश में आई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों से विस्तृत पूछताछ करते हुए गिरोह में शामिल चालक सहित शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व शेष माल की बरामदगी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का नाम व पता**

1.विजय सिंह पुत्र ब्रह्मदेव सिंह निवासी बेरवां पहाड़पुर थाना कोइरौना जनपद भदोही उम्र करीब 52 वर्ष

2.महेंद्र सिंह पुत्र ब्रह्मदेव सिंह निवासी बेरवा पहाड़पुर थाना कोइरौना जनपद भदोही उम्र करीब 49 वर्ष

**यह हुआ बरामद-**

डीसीएम ट्रक व सफेद बोरियों में 27 बॉक्स जर्दा व 101 बॉक्स पान मसाला तथा पान मसाला व जर्दा बिक्री का ₹48,500/- नगद बरामद।

बरामदशुदा वाहन व माल की कुल अनुमानित कीमत करीब **35 लाख रुपए**

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

**श्री छोटक यादव, प्रभारी निरीक्षक कोईरौना** व0उ0नि0 प्रमोद कुमार राय, उ0नि0 अशोक सिंह, आरक्षी आशीष कन्नौजिया, आरक्षी संदीप कुमार व मुख्य आरक्षी चालक प्रवेश कुमार राय थाना कोईरौना जनपद भदोही




